राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

# अवैध नकली अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्ट्री को पुलिस ने किया ध्वस्त



**चतरा।** गिद्धौर पुलिस ने रविवार को अवैध नकली अंग्रेजी शराब बनाने की फैक्ट्री को ध्वस्त किया है। पुलिस ने घटनास्थल से तस्कर सहित भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब और शराब बनाने का सामान को जब्त किया है। गिद्धौर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर के मारंगी गांव में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण और व्यापार किया जा रहा है। इसी को लेकर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया और टीम ने अवैध नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का उद्भेदन कर इस कांड में शामिल एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि मारंगी में दयाल मुंडा के मकान में अवैध रूप से नकली शराब का निर्माण और व्यापार किया जा रहा था। पुलिस को यहां इंपिरियल ब्लू 375 एमएल नकली शराब 95 कार्टून में 2280 बोतल जब्त किया गया है। 35 लीटर का 22 जार में स्पिरिट रखा हुआ था। कई जार में केमिकल सहित भारी मात्रा में इंपीरियल ब्लू व्हिस्की के रैपर, कई बोरा खाली बोतल, शराब का ढक्कन, बारकोड एवं अन्य सामान मिले हैं।

Source: https://www.tarunmitra.in/state/jharkhand/police-demolished-illegal-fake-english-liquor-making-factory/article-92311